संख्या-7/2873/26-2-2013

प्रेषक,

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी
रायबरेली, चित्रकूट, श्रावस्ती,
इटावा, संतकबीर नगर, अमेठी।

समाज कल्याण अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक 29 नवम्बर, 2013

विषय: इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत सी0पी0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से डी0बी0टी0 में चयनित 06 जनपदों में नान सी0बी0एस0 खातों को सी0बी0एस0, खातों के रूप में परिवर्तित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त संदर्भ में अवगत कराना है कि डी0बी0टी0 के अन्तर्गत चयनित 06 जनपदों क्रमश: रायबरेली, चित्रकूट, श्रावस्ती, इटावा, संतकबीर नगर एवं अमेठी में इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत सी0पी0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से वृद्धावस्था पेंशनरों की वर्ष 2013-14 की द्वितीय किस्त की धनराशि का वितरण दिनांक 15.12.2013 तक सुनिश्चित किया

shasanadesh.up.nic.in

जाना है। इस सम्बन्ध में प्राप्त सूचनानुसार उक्त जनपदों में कुल पेंशनरों के सापेक्ष सी0बी0एस0/नान सी0बी0एस0 खातों की अद्यतन स्थिति निम्नवत है:-

क्रं0 सं0	जनपद का नाम	जनपद के कुल पेंशनरों की संख्या	सी0बी0एस0 खातों की संख्या	नान सी0बी0एस0 खातों की संख्या
1	2	3	4	5
1	रायबरेली	78000	76000	2000
2	चित्रकूट	29638	29128	510
3	श्रावस्ती	15662	14973	689
4	इटावा	42330	39615	2715
5	अमेठी	40969	36701	4268
6	संतकबीर नगर	54772	50436	4336
	कुल योग	**261371**	**246853**	**14518**

2. उक्त से स्पष्ट है कि उक्त 06 जनपदों में अभी भी 14518 खातें नान सी0बी0एस0 है, जिन्हें सी0बी0एस0 खातों में परिवर्तित किया जाना नितान्त आवश्यक है। इस सम्बन्ध में कृपया निम्नलिखित बिन्दुओं पर प्राथमिकता से कार्यवाही करना सुनिश्चित करे:-

(1) सम्बन्धित जिलाधिकारी अपनी अध्यक्षता में अपने जनपदों के अग्रणी जिला प्रबन्धकों एवं अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों/ ग्रामीण बैंकों के क्षेत्रीय प्रबन्धकों की एक बैठक आहूत करें। उक्त बैठक में सम्बन्धित जिला समाज कल्याण

shasanadesh.up.nic.in

अधिकारी बैंकवार नान सी0बी0एस0 खातों की सूची जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगें तथा जिलाधिकारी सम्बन्धित बैंकों के मुख्य प्रबन्धकों को उक्त नान सी0बी0एस0 खातों को 01 सप्ताह में सी0बी0एस0 खातों में परिवर्तित कराये जाने की कार्यवाही प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित करेंगें। तदुपरान्त सी0बी0एस0 खातों की सूची सम्बन्धित जिला समाज कल्याण अधिकारी को उपलब्ध कराई जायेगी।

(2) सम्बन्धित जिलाधिकारी अपने जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करें कि वे सहायक विकास अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारियों को इस कार्य हेतु विकास खण्डवार/बैंकवार नान सी0बी0एस0 खातों की सूची इस निर्देश के साथ उपलब्ध करायें कि वे सम्बन्धित बैंकों में जाकर नान सी0बी0एस0 खातों को सी0बी0एस0 खातों में परिवर्तित करायें।

(3) सम्बन्धित जिलाधिकारी प्रतिदिन सम्बन्धित जिला समाज कल्याण अधिकारी से सी0बी0एस0 खातों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करें।

(4) यह भी संज्ञान में आया है कि कतिपय लाभार्थियों के खातें सी0बी0एस0 में परिवर्तित हो चुके है, किन्तु उनमें केवल 04 डिजीट का ही बैंक खाता अंकित है। इसका बैंकों के माध्यम से शुद्धिकरण कराया जाये।

(5) जो भी खाते नान सी0बी0एस0 से सी0बी0एस0 में परिवर्तित होते जाये, उन्हें तत्काल प्राथमिकता पर

shasanadesh.up.nic.in

सी0पी0एम0एस0 के पोर्टल पर अपलोड किया जाये, जिससे धनराशि का हस्तान्तरण करने में विलम्ब न हो।

3. अत: अनुरोध है कि कृपया अपने स्तर से व्यक्तिगत अनुश्रवण करते हुये वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत द्वितीय किस्त की धनराशि का दिनांक 15.12.2013 तक भुगतान कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या-2873(1)/26-2-2013

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल, चित्रकूट मण्डल, देवीपाटन मण्डल, कानपुर मण्डल, फैजाबाद मण्डल, बस्ती मण्डल।

आज्ञा से,

सुनील कुमार
प्रमुख सचिव।

shasanadesh.up.nic.in